कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी
जिला नारायणपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 07781–252310 email id : deonpr74@gmail.com

क्रमांक /1735/ विद्या / एनएमडीसी / 2018–19 नारायणपुर, दिनांक 26/05/2018

प्रति,

1. **प्राचार्य,**
   शास. स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय नारायणपुर
2. **प्राचार्य,**
   शास. / अशास. / अनुदान प्राप्त
   उ.मा.वि. .....
3. **खण्ड शिक्षा अधिकारी,**
   नारायणपुर / ओरछा

विषय :– एनएमडीसी बालिका शिक्षा योजना अंतर्गत नर्सिंग पाठ्यक्रम वर्ष 2018 में आदिवासी छात्राओं के प्रवेश सूचना बाबत्।

संदर्भ :– सहा.महाप्रबंधक (का.) सीएसआर एनएमडीसी लिमिटेड बैलाडीला लौह अयस्क स्थान बचेली कॉम्प्लेक्स के पत्र क्र. डी5 / सीएसआर / बाशियो / 2018 / 638 दिनांक 15.05.2018।

–00–

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के अनुक्रम में लेख है कि एनएमडीसी द्वारा बस्तर क्षेत्र के आदिवासी छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नैगमिक सामाजिक दायित्व क्रियाकलाप के अधीन बालिका शिक्षा योजना के तहत पिछले 07 वर्षो में बस्तर क्षेत्र के 258 आदिवासी छात्राओं को अपोलो स्कूल आफ नर्सिंग, हैदराबाद में जीएनएम 3½ वर्षीय एवं बीएससी नर्सिंग 4 वर्षीय नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश दिलाया गया है। इसी क्रम में इस वर्ष 2018 में भी एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा आदिवासी छात्राओं को नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश दिलाने सहमति प्रदान की गई है। **छात्राओं के चयन के लिए पात्रता मानदंड निम्नानुसार है :–**

1. 12वीं विज्ञान (भौतिक, रसायन एवं बायोलाजी) विषय में परीक्षा उत्तीर्ण आदिवासी **(अजजा) छात्राएं।**
2. पारिवारिक **आय प्रतिमाह 6000 /–** से अधिक न हो।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त योजना का संस्था अंतर्गत एवं अपने अधीनस्थ क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार करें एवं इच्छुक छात्राओं को अवगत करावें कि इस कार्यालय को **दिनांक 29.05.2018 संध्या 04.00 बजे तक** अनिवार्य रूप से अपना आवेदन उपलब्ध करावें या आवेदन सीधे बंद लिफाफा में उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) सीएसआर एनएमडीसी लिमिटेड, बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) के पास उक्त तिथी (बुधवार छोड़कर) तक उपलब्ध करा सकते है। नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण, आवेदन का प्रारूप इत्यादि संबंधी जानकारी इस पत्र के साथ संलग्न है।

आवेदन के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न किए जाने है :–

1. 10 वीं एवं 12 वीं स्वप्रमाणित मार्कशीट की छायाप्रति।
2. निवास, आय एवं जाति प्रमाण पत्र। (आय अधिकतम 1 वर्ष पुराना)
3. 02 पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो (स्वयं द्वारा प्रमाणित)।

संलग्न :– **उपरोक्तानुसार।**

26-5-18

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला नारायणपुर

क्रमशः .....(2)

पृ0क्रमांक /1736 विद्या / एनएमडीसी / 2018–19 नारायणपुर, दिनांक 26 / 05 / 2018

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर, जिला नारायणपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. सहा.महाप्रबंधक (का.) सीएसआर एनएमडीसी लिमिटेड बैलाडीला लौह अयस्क स्थान बचेली कॉम्प्लेक्स को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र (NIC) नारायणपुर, को सूचनार्थ कर लेख है कि उपरोक्त सूचना एवं आवेदन पत्र प्रारूप www.cgstate.gov.in, www.narayanpur.gov.in, www.zp_narayanpur.gov.in वेबसाईट में डाउनलोड करने का कष्ट करेंगे। उपरोक्तानुसार सी.डी. संलग्न प्रेषित है।
4. सहायक संचालक, जिला जनसम्पर्क अधिकारी, जिला नारायणपुर की ओर संदर्भित पत्र संलग्न कर लेख है कि उपरोक्त सूचना दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला नारायणपुर

आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वयं प्रमाणित रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करे

1. नाम : .....
2. पिता का नाम : .....
3. जन्मतिथि : .....
4. जन्म स्थान : .....
5. जाति (अनूसुचित जनजाति) : .....
6. निवासी जिले का नाम : .....
   बस्तर/दंतेवाड़ा/सुकमा/
   बीजापुर/कोंडागांव /नारायणपुर
7. पत्राचार के लिऐ पूर पता : .....
   .....
   .....
8. कक्षा 12वीं (विज्ञान) से संबंधित विवरण :

विद्यालय का नाम	ग्राम एवं पंचायत	विषय	प्राप्तांक	प्रतिशत

9. सम्पर्क हेतु पूरा पता : .....
   .....
10. मोबाईल न./दूरभाष न. : .....
11. परिवार का कुल वार्षिक आय : .....

आवेदक के हस्ताक्षर